वी.यू में ख्यातिलब्ध डॉ. एस.के.राव, कुलपति, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का शुभागमन

जबलपुर। दिनांक 15 मार्च 2019 को प्रोफे. डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में भारतवर्ष के ख्यातिलब्ध वैज्ञानिक डॉ. एस.के. राव, कुलपति, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर का संस्कारधानी के इस विश्वविद्यालय में शुभागमन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा संयुक्त पशुधन प्रक्षेत्र, केंचुआ उत्पादन इकाई अखिल भारतीय कुक्कुट समन्वित अनुसंधान परियोजना के साथ नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय का भ्रमण अवलोकन एवं निरीक्षण किया।

इस अवसर पर डॉ. एस.के.राव, कुलपति जी ने उद्बोधन में कहा नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के नवीन परिसर की भव्यता एवं अधोसंरचना की स्थापना को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि निरोपित

किया। साथ ही आपने सुझाव दिये कि जैविक कृषि को प्रोत्साहित करने हेतु केंचुआ खाद उत्पादन को बढ़ावा दिया जावे, जिससे भविष्य में मध्यप्रदेश व देश के कृषक पशुधन आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली के सतत् प्रयासों से अनाज, सब्जियों, फलों, दुग्ध, अंडा एवं मॉस उत्पादन में वृद्धि कर समृद्धशाली हो सकेंगे। साथ ही आपने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अल्प अवधि की "सफलता की कहानियॉ" भी अपलोड करावें, जिससे विश्वविद्यालय की छवि एवं सुदृढ़ता गतिशील हो सके।

इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति जी ने वैज्ञानिक डॉ. एस.के.राव, कुलपति की अनुसंधान एवं प्रक्षेत्र के क्षेत्र में जो उल्लेखनीय सेवायें प्रदान की है, उनकी भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुये, साधुवाद दिया।

इस अवसर पर डॉ. एस.एन.एस. परमार, डॉ. वाय.पी. साहनी, डॉ. बी.सी. सरखेल, डॉ. एस.के. जोशी, डॉ. जे. के. भारद्वाज व अधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार गौर, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर द्वारा किया गया।